=+1>*t28

14.56 hrs

MATTERS UNDER RULE 377 *

MR. DEPUTY-SPEAKER: The Matters under Rule 377 listed for today are treated as laid on the Table of the House.

Title: Need to conserve and beautify the historical pond at Sagar, Madhya Pradesh. - Laid.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के मुख्यालय सागर नगर के बीच में स्थित लाखा बंजारा द्वारा निर्मित तालाब ऐतिहासिक महत्व रखने वाला तालाब है। विगत लम्बे समय से देखरेख के अभाव में यह अपने पूर्व स्वरूप को खोता जा रहा है। तालाब के चारों तरफ अतिक्रमण भी बढ़ता जा रहा है। सागर नगर के नागरिकों का इस तालाब के साथ गहरा भावनात्मक संबंध है तथा अनेक वाँ से इसके जीर्णोद्वार एवं सौन्दर्यकरण की मांग होती आ रही है। मेरे द्वारा भी अनेकों बार इस विाय को लोक सभा में उठाया गया है। ग्यारहवीं लोक सभा में मेरे द्वारा अतारांकित प्रश्न रखने पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जानकारी भी उपलब्ध करायी गयी थी कि सागर तालाब को राट्रीय झील संवर्द्धन योजना में आने वाली 14 झीलों में शामिल किया गया है तथा इसके विकास के लिए विश्व बैंक के समक्ष प्रस्ताव भेजा गया है। परन्तु यह ज्ञात नहीं हो सका कि यह प्रस्ताव कब तथा कितनी धनराशि का भेजा गया एवं इसकी वर्तमान स्थिति क्या है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सागर तालाब के जीर्णोद्वार एवं सौन्दर्यकरण के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करवाने का सहयोग करें।

*Treated as laid on the Table.